Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# कार्यालय जिला पंचायत बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग.

*Phone no - 07727- 222214* *Email Id- ddp.balodabazar@gmail.com*

## // विज्ञापन //

**क्रमांक/**13700 **/जि.पं./डीपीआरसी/2018** **बलौदाबाजार, दिनांक 27/01/2018**

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक/पंग्राविवि/22 /492A/2016/2327 दिनांक 04.07.2016 एवं आदेश क्रमांक /पंग्राविवि / 995/आर70/ मुपंसयों/22-1 /2016/ नया रायपुर दिनांक 21.07.2016 तथा आदेश क्रमांक/पंग्राविवि/22 /492A/2016/1327 नया रायपुर दिनांक 02.01.2017 के अनुसार मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के जिला पंचायत/जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र में रिक्त निम्न पदों में इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से संविदा नियुक्ति हेतु **दिनांक 16/02/2018 सायंकाल 05:00 बजे तक** आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पद का नाम | जिला पंचायत संसाधन केन्द्र | | जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रिक्त संख्या | आरक्षण स्थिति | रिक्त संख्या | आरक्षण स्थिति |
| 1 | संकाय सदस्य (ग्रामीण विकास) | 01 | UR | – | – |
| 2 | संकाय सदस्य (पंचायतीराज) | 01 | UR | – | – |
| 3 | संकाय सदस्य (वर्ग–05) | – | – | 05 | 03(UR), 01 (SC), 01 (ST) |
| 4 | डाटा एन्ट्री आपरेटर | 02 | 01 (UR) 01 (SC) | 05 | 03(UR), 01 (SC), 01 (OBC) |
| 5 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 01 | UR | 04 | 03(UR), 01 (SC) |

**टीपः– उक्त रिक्त पदों में 30% पद महिलाओं हेतु आरक्षित रहेगा।**

**2. वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता :–**

**जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के पद :– (ज़िला स्तर )**

| पद नाम/वेतन | अनिवार्य अर्हता | वांछित योग्यता |
|---|---|---|
| 1.संकाय सदस्य (वेतन 20,342/–रू. एकमुश्त मासिक ) | 1. स्नातकोत्तर/बी.ई. में 55 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण<br>2 केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यो अथवा प्रबंधकीय कार्यो का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव | अंतराष्ट्रीय/राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस अथवा जर्नल में शोधपत्र। |
| 2. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (वेतन 13,776/– रू. एकमुश्त मासिक ) | 1. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (**Key**) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) | – |
| 4. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (वेतन 8,470/– रू. एकमुश्त मासिक ) | मान्यता प्राप्त मण्डल से कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण | |

जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र के पद :- (जनपद स्तर )

| पद नाम | अनिवार्य योग्यता | वांछित योग्यता |
|---|---|---|
| 1. संकाय सदस्य वर्ग 05 (वेतन 15638/- रू. प्रतिमाह ) | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक। | **वांछित योग्यता :-** 01वर्ष का कार्य अनुभव (किसी भी शैक्षणिक संस्था में) |
| 2. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (वेतन 13,776/- रू. एकमुश्त मासिक ) | 1.किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2.मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (**Key**) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) | - |
| 3. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (वेतन 8,470/- रू. एकमुश्त मासिक ) | मान्यता प्राप्त मण्डल से कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण | - |

**वेतनः-**

1. उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एक मुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृहभाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा।

**आरक्षणः-**

1. मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजनान्तर्गत संविदा नियुक्ति हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित राज्य/जिला स्तर पर आरक्षण रोस्टर लागू होगा।
2. आरक्षण रोस्टर अनुसार महिला/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांग अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होने पर उसी प्रवर्ग के अभ्यर्थी से पद भरे जा सकेंगें।

**आयु सीमाः-**

1. संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के लिए 35 वर्ष परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगें। आयु की गणना 01.01.2018 से की जावेगी।

**नियुक्ति की अवधिः-**

1. संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति के उपयुक्ता का आकलन कर संविदा नियुक्ति अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा।

**अवकाश की पात्रताः-**

1. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश तथा 03 दिवस ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। वर्ष के मध्य में नियुक्त होने अथवा सेवा मुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिये अनुपातिक आधार पर किया जायेगा। गणना में अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णांकित किया जावेगा।

**यात्रा भत्ता:-**

1. संविदा नियुक्ति व्यक्ति को जिस पद पर नियुक्ति दी गई है, उस पद के समकक्ष शासकीय सेवकों के सामान यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

**अन्य शर्तें :-**

1. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति सिविल सेवा (आचरण) नियम,1965 से शासित होंगें।
2. आवेदक को छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य है।
3. नियुक्ति के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
4. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को संविदा सेवा की अवधि के लिए किसी भी प्रकार की पेंशन/उपदान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
5. संविदा आधार पर नियुक्त व्यक्ति का गोपनीय प्रतिवेदन/पी.ए.आर. कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन लेख बद्ध किया जाएगा एवं संविदा आधार पर आगे और नियुक्ति के लिए उसका/उसकी विचारण किये जाने की दिशा में संविदात्मक सेवा की कालावधि के विस्तारण हेतु उसका/उसकी गोपनीय प्रतिवेदन/पी.ए.आर. (कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन) या निर्धारण उत्कृष्ट या बहुत अच्छा होना आवश्यक है।
6. सेवा निवृत्त शासकीय सेवा की संविदा नियुक्ति के दौरान उसे/उन्हे अन्य कार्यालय के समकक्ष पद पर स्थानांतरित किया जा सकेगा और उसे/उन्हे संविदा नियुक्ति के पद के कार्य के साथ-साथ अन्य पद पर अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा जा सकेगा, जिसे उसे स्वीकार करना उसके/उनके लिए बाध्यकारी होगा।
7. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिए संविदा वेतन की कम-से-कम 10 प्रतिशत राशि जीवन बीमा पेंशन योजना अथवा पी.पी.एफ. जमा करने तथा इस बात की सूचना नियुक्ति पर प्राधिकारी को देनी होगी कि कर्मचारी द्वारा इस योजना का वरण किया गया है।

   परन्तु यह प्रावधान सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों पर लागू नहीं होगा।
8. संविदा पर नियुक्त सेवानिवृत्ति व्यक्ति सेवानिवृत्ति के समय यदि शासकीय आवास में रह रहा हो तो शासकीय आवास की पात्रता बनी रहेगी तथा उससे छत्तीसगढ़ मूलभूत के नियम 45-क के अनुसार लाइसेंस शुल्क की वसूली की जायेगी तथा उसे शासकीय सेवकों के सामान चिकित्सा प्रतिपूर्ति की भी पात्रता होगी।
9. संविदा भर्ती नियम में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेश लागू होंगे।
10. आवेदक को रोजगार कार्यालय में जीवित रोजगार पंजीयन होना चाहिए। यह शर्त सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए लागू नहीं होगा।
11. आरक्षित प्रवर्ग में अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना जरूरी होगा अन्यथा आवेदन अनारक्षित प्रवर्ग में मान्य किया जावेगा।
12. रिक्त पदों की संख्या एवं आरक्षण की स्थिति में यथा आवश्यकता परिवर्तन की जा सकेगी।

**चयन प्रकिया- उक्त पदों पर चयन प्रकिया निम्नानुसार होगी**

**1 जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के पद :- (जिला स्तर )**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संकाय सदस्य (जिला पंचायत संसाधन केन्द्र) | न्यूनतम अर्हता | 75 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-75% |
| | | संबंधित क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय शोध पत्र अथवा जर्नल अथवा प्रतिवेदन परियोजना | 15 | प्रति अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय शोध पत्र अथवा जर्नल में 03 अंक (अधिकतम 15 अंक) |
| | | संबंधित कार्य का अनुभव | 10 | प्रति वर्ष 02 अंक, (अधिकतम 10 अंक) |
| 2 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | न्यूनतम अर्हता | 65 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-65% |
| | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा | 35 | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा के अंकों का |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | अधिभार 35% |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | न्यूनतम अर्हता | 100 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-100% |

**2. जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र के पद :- (जनपद स्तर )**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संकाय सदस्य वर्ग-05 (जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र) | न्यूनतम अर्हता | 100 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-100% |
| 2 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | न्यूनतम अर्हता | 65 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-65% |
| | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा | 35 | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा के अंकों का अधिभार 35% |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | न्यूनतम अर्हता | 100 | न्यूनतम अर्हता के अंको का अधिभार-100% |

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :-**

1. विज्ञापन नियम-शर्ते आयु सीमा अर्हता, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि की जानकारी जिला कार्यालय के वेबसाईट **www.cg.nic.in/balodabazar** से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरण कार्यालय, उपसंचालक, पंचायत, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा / जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बलौदाबाजार एवं जिला रोजगार अधिकारी बलौदाबाजार तथा जिले के जनपद पंचायतों के कार्यालयीन सूचना पलक पर अवलोकन किया जा सकता है।
2. उपरोक्त चयन प्रक्रिया की दावा आपत्ति तथा भर्ती से संबंधित अन्य सूचनाओं का प्रकाशन जिले के वेबसाईट **www.cg.nic.in/balodabazar** पर अपलोड किया जावेगा जिसकी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
3. पूर्णतः भरें हुए आवेदन पत्र आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। **कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** के पते पर निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम अनिवार्यतः लिखा जावे। साथ ही जिला स्तर या जनपद स्तर जिसके लिये आवेदन पत्र दे रहे है उसका भी लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में स्पष्ट उल्लेख करें। निर्धारित तिथि व समय पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। व्यक्तिगत/अन्य माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।
4. आवेदन पत्र में स्व अभिप्रमाणित,स्वयं का पासपोर्ट साइज का नवीनत्म फोटो चिपकाना अनिवार्य है।
5. आवेदन पत्र के साथ 5.00 रूपये का डाक टिकट लगा हुए स्वयं का नाम एवं पूर्ण पता लिखा हुआ दो लिफाफा संलग्न करना होगा।
6. उम्मीदवार को अपनी आयु समर्थन में हाई स्कूल की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण एवं आवेदक के हस्ताक्षर विहीन आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेगें ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जावेगी।
8. अलग-अलग स्तर एवं अलग-अलग पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन करना होगा, अन्यथा आवेदन स्वतः अमान्य हो जावेगा।
9. रिक्त पदों की संख्या यथास्थिति घटायी अथवा बढ़ायी जा सकती है।

**महत्वपूर्ण सूचना :-**

1. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तो को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक आपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। कौशल परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का अर्थ यह नहीं होगा की आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।
2. प्रत्येक आवेदक को चाहिए की वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों का तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी देख कर सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें, यदि आवेदन-पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि एवं अपूर्णता की दशा में चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को बिना सूचना दिये आवेदन-पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

**संलग्न :- आवेदन पत्र का प्रारूप।**

25.1.18

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा**
**छत्तीसगढ़**

**क्रमांक/ 1370/ /जि.प./डीपीआरसी/2018** **बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 27.01.2018**

**प्रतिलिपि :-**

1. संचालक,ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक, पंचायत संचालनालय, इन्द्रावती भवन नया रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचनार्थ।
4. उपसंचालक पंचायत/प्राचार्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर सूचनार्थ एवं आवयक कार्यवाही हेतु।
5. लेखाधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा को सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचनार्थ। कृपया जिले के वेबसाईड मे अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचनार्थ। कृपया अपने कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कराना सूनिश्चित करें।
8. गार्ड फाईल हेतु।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा**
**छत्तीसगढ़**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा
छत्तीसगढ़

स्वप्रमाणित
फोटो चस्पा
करें

**विषय :- जिला पंचायत/जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र में रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

1. आवेदित पद का नाम : -----------------------------------------
   स्तर (DPRC/BPRC) : ------------------------
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : -----------------------------------------
   (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) : -----------------------------------------
3. लिंग (पुरूष/महिला) : -----------------------------------------
4. पिता/पति का नाम : -----------------------------------------
5. पत्र व्यवहार का पता : -----------------------------------------
   : -----------------------------------------
   : -----------------------------------------
   : ई-मेल -----------------------------------------
6. स्थायी पता : -----------------------------------------
   : -----------------------------------------
   : -----------------------------------------
7. मोबाईल नम्बर : -----------------------------------------
8. राष्ट्रीयता : -----------------------------------------
9. अ) जन्म तिथि (अंको में) : दिन --------- माह -------- वर्ष ----------
   ब) शब्दों में : -----------------------------------------
   स) दिनांक 01.01.2018 को आयु : वर्ष ----------- माह -------- दिन ---------
10. **शैक्षणिक योग्यता :-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**टीप** :- उल्लेखित सभी अर्जित शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाणं पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जावें।

11. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है? : -----------------------------------
    (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

12. जाति का विवरण जो लागू हो कृपया (✓) का निशान लगायें :-

(अ) अजजा ☐ अजा ☐ अपिव ☐ सामान्य ☐

(ब) जाति का विवरण : ------------------------------------------

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

12. कार्यानुभव :-

| क्र. | कार्यालय/संस्था | धारित पद | पद का वेतनमान | कार्यावधि | | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से | कब तक | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

**(नियुक्ति आदेश एवं अनुभव प्रमाण पत्र दोनों संलग्न करें, इसके अभाव में कार्यानुभव अग्राह्य किया जा सकेगा। )**

14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण :-

क) रोजगार कार्यालय का नाम : ------------------------------------------

ख) पंजीयन का क्रमांक व दिनांक : ------------------------------------------

ग) अगली नवीनीकरण कराये जाने की तिथिः ------------------------------------------

15. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक हैं ?(हां/नहीं) : ------------------------------------------

(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

16. क्या आप विवाहित हैं ? यदि हां तो विवाह की तिथि : ------------------------------------

17. जीवित बच्चों की संख्या : ------------------------------------------

(बच्चों का नाम/लिंग एवं जन्मतिथि सहित): ------------------------------------------

18. यदि आवेदक 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्तता से बाधित हो, तो निम्न जानकारी दी जावें।

| क्र. | निःशक्तता का प्रकार | निःशक्तता का प्रतिशत | मेडिकल बोर्ड का नाम जहां से विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया गया है | प्रमाण पत्र का क्रमांक व दिनांक | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

टीप :- मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

19. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरणः

किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुके हैं ? यदि हां, तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

20. क्या आवेदक किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था :

में सेवारत है ? (हां/नहीं) यदि हां, तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

21. आवेदक दो कोरी लिफाफा, जिस पर अपना पत्र व्यवहार : ------------------------------

का पता एवं 5/- रूपये का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।

**संलग्न** :- सत्यापित प्रमाण-पत्रों की सूची :-

1. ---------------------------------- 2. ----------------------------------
3. ---------------------------------- 4. ----------------------------------
5. ---------------------------------- 6. ----------------------------------
7. ---------------------------------- 8. ----------------------------------
9. ---------------------------------- 10. ----------------------------------
11. ---------------------------------- 12. ----------------------------------

आवेदक का हस्ताक्षर

**// घोषणा-पत्र //**

मैं -------------------------------- पिता/पति ------------------------ जाति ------------------ उम्र --------- निवासी ------------------------------------- जिला --------------------- छत्तीसगढ़, एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पात्रता की शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया है, जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियां सत्य और सही है, मुझे ज्ञात है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा और चयन के उपरान्त भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा।

संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा।

दिनांक :- ----------------

स्थान :- ----------------

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ----------------------

पता ----------------------

--------------------------